नागाओं का चीन जाना

6718. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री ओंकार सिंह :
श्री टी० पी० शाह :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 5 अगस्त, 1968 को "वीर अर्जुन" में प्रकाशित हुए इस आशय के समाचार की ओर दिलाया गया है कि मनीपुर के मुख्य मन्त्री ने यह बताया है कि पिछले 2 महीनों में लगभग 200 नागा लोग मनीपुर की सीमा पार करके चीन गये हैं ;

(ख) क्या सरकार ने केन्द्रीय व्यवस्था के माध्यम से उक्त समाचार की सत्यता की जांच की है ; और

(ग) यदि हां, तो उस सम्बन्ध में वास्तविक स्थिति क्या है और उसके बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल): (क) से (ग). मनीपुर प्रशासन से प्राप्त सूचना के अनुसार समाचार पत्र की सम्बन्धित रिपोर्ट में "नागाओं" का उल्लेख जो मुख्य मंत्री ने अन्य आदिम वासियों के लिये लिया था तनिक त्रुटि-पूर्ण है। मुख्य मंत्री 26 जुलाई, 1968 को तारांकित प्रश्न संख्या 132 के उत्तर में दिये गये घटना के तथ्यों का हवाला दे रहे थे।

वैज्ञानिक तथा पारिभाषिक शब्दावलि आयोग

6719. **श्री एस० एम० जोशी** : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वैज्ञानिक तथा पारिभाषिक शब्दावली आयोग में एक नियम लागू किया गया है, जिसके अनुसार इसके सदस्यों को 65 वर्ष की आयु के बाद अनिवार्य रूप से सेवानिवृत कर दिया जायेगा ;

(ख) क्या यह भी सच है कि इसके बावजूद कुछ सदस्य उस आयोग में अब भी काम कर रहे हैं ;

(ग) यदि हां, तो इस के क्या कारण हैं ;

(घ) क्या यह भी सच है कि इस आयोग के अध्यक्ष का पद दो वर्ष तक खाली पड़ा रहा ;

(ङ) क्या यह भी सच है कि इस आयोग के वर्तमान अध्यक्ष की आय 65 वर्ष से अधिक है ; और

(च) यदि हां, तो इस के लिए कौन प्राधिकारी उत्तरदायी है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री शर सिंह): (क) मंत्रालय द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि वैज्ञानिक एवं पारिभाषिक शब्दावली आयोग के अध्यक्ष सदस्यों अथवा कर्मचारियों की सेवा निवृत्ति की आयु सीमा 65 वर्ष होनी चाहिये जो कि विशेष मामलों में 66 वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है।

(ख) अध्यक्ष के अलावा आयोग के केवल एक सदस्य की आयु अभी तक 65 वर्ष की नहीं हुई है, जो आयोग में सेवा में है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।